**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 04.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कल, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को दिलायेंगे मंत्री पद की शपथ।**
2. **रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंट सेंटर में 31 सप्ताह की ट्रेनिंग के बाद 438 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ, पासिंग आउट पैरेड में दिखी साहस, अनुशासन और प्रतिबद्धता की भावना।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने व्यक्तिगत पेशी से छूट नहीं देने के एमपी–एमएलए कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती, याचिका पर आज होगी सुनवाई।**
4. **भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी कल एचईसी के मुद्दे पर दिल्ली में करेंगे उच्चस्तरीय बैठक, हालात सुधारने के उपायों पर होगी चर्चा।**
5. **सिकंदराबाद में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखंड ने महाराष्ट्र को 12–0 गोल से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश।**

********************

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजभवन में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन वाली इस सरकार में 11 मंत्रियों को शामिल किए जाने की संभावना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा से छह, कांग्रेस से चार और राष्ट्रीय जनता दल से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इस मौके पर राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर के रुप में स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कैबिनेट में झारखंड के सभी क्षेत्रों का नेतृत्व शामिल होगा।

********************

रामगढ़ जिले के पंजाब रेजीमेंट सेंटर स्थित किलाहारी ड्रिल स्क्वायर में आज अग्निवीरों की पासिंग आउट परेड संपन्न हुई। इस पासिंग आउट परेड में 438 अग्निवीरों ने हिस्सा लिया और देश सेवा की शपथ ली। इस दौरान जवानों ने साहस, अनुशासन और प्रतिबद्धता की भावना की झलक पेश की। इस दौरान पंजाब रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कण्डपाल ने परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण में अव्वल आने वाले अग्निवीरों को पुरस्कृत किया। 31 हफ्ते के जोशीली एवम शानदार ट्रेनिंग के क्रम में अव्वल आने वाले अग्नि वीरों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्री कण्डपाल ने कहा कि उन्हें यकीन है कि ये जवान हर चुनौती से निपटने में सफल होंगे।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित एमपी–एमएलए की विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। श्री सोरेन द्वारा दायर क्रिमिनल मिसलिनियस पिटीशन न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की बेंच में सूचीबद्ध कर ली गयी है और इस पर आज ही सुनवाई होगी। दरअसल, इडी के समन की अवहेलना मामले में श्री सोरेन की व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर याचिका एमपी–एमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दी थी और उन्हें आज कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया था। इसी आदेश को हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

********************

भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी कल एचईसी के मुद्दे पर दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। बैठक में एचईसी के हालात सुधारने के उपायों पर चर्चा होगी। इससे पहले रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने भारी उद्योग मंत्री से मुलाकात कर उन्हें एचईसी की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। श्री सेठ ने भारी उद्योग मंत्री को बताया कि एचईसी के पास एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कार्यादेश है, लेकिन कार्यशील पूंजी के अभाव में उत्पादन पर असर पड़ रहा है।

********************

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड स्थित अति नक्सल प्रभावित लोधी पंचायत के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। मौके पर पहुंचे डुमरी के नवनिर्वाचित विधायक जयराम महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार से समझौता नहीं किया जायेगा।

********************

रांची के मेन रोड के सर्जना चौक स्थित लालजी हीरजी रोड में एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गयी है। अगलगी की घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल कायम हो गया है। अग्निशमन विभाग की ओर से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से बिल्डिंग में आग लगी है।

********************

हटिया– आनंद विहार– हटिया **झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस** का परिचालन जारी रहेगा। जाड़े में कोहरे के मौसम की वजह से रांची रेल मण्डल से इस ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया गया था, किन्तु अब इन ट्रेनों को पुनः बहाल कर दिया गया है। गौरतलब है कि पलामू के सांसद वीडी राम ने इस सिलसिले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस परिचालन को जारी रखने का अनुरोध किया था।

********************

गुमला जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष कदम उठाये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

********************

मौसम विभाग ने आज से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती तूफान फेंजल का असर झारखंड में समाप्त हो चुका है और अब तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जायेगी।

इस बीच मौसम वैज्ञानिकों ने झारखंड समेत पूरे उत्तर भारत में इस बार सामान्य से ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना जतायी गयी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और बार–बार चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण मौसम में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना को देखते हुए नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एवं ह्यूमन हेल्थ– एनपीसीसीएचएच ने सभी राज्यों को सचेत किया है। एनपीसीसीएचएच ने झारखंड को पत्र लिखकर अस्पतालों में विशेष तैयारी रखने के निर्देश दिये हैं।

********************

सिकंदराबाद में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में हॉकी झारखंड ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को 12–0 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झारखंड की ओर से पांच गोल करने वाली लेवनी हेम्ब्रम को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

*****समाप्त***************